ppppदिल्ली पब्लिक स्कूल जम्मू

सत्र: 2024-25

अभ्यास कार्य पत्र (अगस्त)

कक्षा-चौथी **विषय- हिंदी**

उपविषय -अपठित काव्यांश,वचन,विलोम

निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

उठो लाल !अब आँखें खोलो,
पानी लाई हूँ, मुँह धो लो।
बीती रात कमल दल फूले,
उनके ऊपर भँवरे झूले।
चिड़िया चहक उठी पेड़ों पर,
बहने लगी हवा अति सुंदर ।
नभ में न्यारी लाली छाई,
धरती ने प्यारी छवी पाई।
भोर हुआ ,सूरज उग आया,
जल में पड़ी सुनहरी छाया।
ऐसा सुंदर समय न खोओ,
मेरे प्यारे, अब मत सोओ।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चुनकर लिखिए-

प्र०1 कमल के ऊपर क्या झूल रहे हैं ?
क) बंदर ख) भँवरे ग) पतंगें

प्र०2 चिड़िया कहाँ चहक उठी है ?
क) पेड़ों पर ख) छत पर ग) आकाश पर

प्र०3 जल में कैसी छाया पड़ी है?
क) नीली ख) लाल ग) सुनहरी

प्र०4 समानतुक वाले शब्द चुनकर लिखिए।
क) छाई-
अ) आई ब) पाई स) खाई
ख) फूले-
अ) गूले ब) झूले स) तूले

प्र०5 कोष्ठक में दिए उचित शब्दों से रिक्त स्थान भरिए।
क) रीमा _______ पढ़ रही है। (कहानी/कहानियाँ)
ख) नदी में________ हैं।(मछली/ मछलियाँ)

प्र०6 रेखांकित शब्द का वचन बदलकर वाक्य पुनः लिखिए।
क) मेरे पास पुस्तक है

प्र०7 कोष्ठक में दिए शब्द का विलोम बदलकर रिक्त स्थान भरिए।
क) मेरा _______ बुद्धिमान है । (शत्रु)
ख) रोहित के पास _____पेन है। (अनेक)